दिनांक 12.03.2026 को संपन्न केन्द्रीय विद्यालय हटा की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

केन्द्रीय विद्यालय हटा की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 12.03.2026 को अपराह्न 04.00 बजे केन्द्रीय विद्यालय हटा के पुस्तकालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता माननीय एस. डी. एम. सह नामित-अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति श्री राकेश सिंह मरकाम जी ने की। सभी सदस्यों की उपस्थिति सूची संलग्न है।

सर्वप्रथम प्राचार्य श्री रितेश कुमार पटेल ने माननीय एस. डी. एम. सह नामित-अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति और सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया।

सभी सदस्यों के परिचय के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक के एजेंडे पर निम्नानुसार बिन्दुवार चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया।

1. **शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं नए सत्र में छात्र प्रवेश प्रक्रिया:**

अ) केन्द्रीय विद्यालय हटा को शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सीबीएसई द्वारा परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है इस परीक्षा केंद्र में केन्द्रीय विद्यालय हटा के अतिरिक्त जवाहर नवोदय विद्यालय हटा तथा गुरुकुलम विद्यालय हटा के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थी दिनांक 17.02.2026 से प्रारंभ परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे हैं। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा दिनांक 07.03.2026 को एवं कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा दिनांक 28.03.2026 को समाप्त होगी । इस बार कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन OSM के रूप में ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा । विद्यालय स्तरीय (होम) परीक्षाएं भी दिनांक से 26.02.2026 से प्रारंभ हो गयीं हैं जो दिनांक 20.03.2026 को समाप्त होंगी । परीक्षा परिणाम दिनांक 27.03.2026 को घोषित किया जायेगा।

आ) केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा दो से पांचवीं तक के लिए एक अतिरिक्त वर्ग खोलने की अनुमति केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय द्वारा प्रदान की गई है। इस प्रकार सत्र 2026-27 में कक्षा एक से पांच तथा ग्यारहवीं एवं बारहवीं में दो वर्ग शेष अन्य कक्षाओं में एक-एक वर्ग संचालित किए जाएंगे। कक्षा 1 के दो वर्गों तथा कक्षा 3 से 5 तक के एक-एक नये वर्गों के लिये ऑनलाइन प्रवेश तथा अन्य सभी कक्षाओं में रिक्तियां होने पर केविसं के नवीन प्रवेश मार्गदर्शिका अनुसार ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी ।

- अध्यक्ष महोदय ने शैक्षणिक उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयास पर संतोष एवं नए वर्गों की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त किया।

2. **छात्र उपलब्धियां :**

इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत राज्य-स्तर पर कक्षा 9वीं के छात्र *आर्यन पटेल* के प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। उन्हें ₹10,000 की राशि प्रदान की जाएगी तथा वे अगले चरण में प्रतिभाग करेंगे।

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्यस्तरीय कैंप में प्रतिभाग हेतु कक्षा 9वीं से *शैल्जा धिम्हा* एवं *आर्यन पटेल* तथा कक्षा 10वीं से *मनुराज उपाध्याय* एवं *तन्मय राय* का चयन किया गया था।

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 'Electrical and Electronic Technology' विषय पर आयोजित प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता में कक्षा 12 के छात्र ओम खरे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ₹2000/- का नगद पुरस्कार जीता

परीक्षा पे चर्चा–2026 के अंतर्गत *केंद्रीय विद्यालय दमोह* में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6–8 वर्ग में *वैभव मोदी* (कक्षा 8) ने प्रथम स्थान, *दिव्यांश सिंह ठाकुर* (कक्षा 7) ने द्वितीय स्थान, *प्रांजल काछी* (कक्षा 6) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9–10 वर्ग में *आशुतोष पटेल* (कक्षा 10) एवं *शौर्य जाट* (कक्षा 9) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

3. **स्वच्छता विशेष अभियान 5.0 एवं विद्यांजलि योजना**

जन भागीदारी को सशक्त बनाने हेतु चलाए गए अभियान के अंतर्गत सिविल अस्पताल हटा के बीएम्ओ एवं व्हीएमसी सदस्य डॉ. उमाशंकर पटेल द्वारा केंद्रीय विद्यालय हटा को *इनवर्टर बैटरी* दान स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर अनेक अभिभावकों ने विद्यालय परिसर की वॉल पेंटिंग में बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिससे विद्यालय का वातावरण और अधिक आकर्षक एवं प्रेरणादायी बन गया।

अन्य प्रस्ताव एवं आग्रह

4. **स्टाफ की वर्तमान स्थिति एवं संविदा शिक्षकों की नियुक्ति :**

विद्यालय में वर्तमान में कुल 34 स्वीकृत पदों में से 19 पद भरें हैं और 15 पद रिक्त हैं । कक्षा दो से पांचवीं तक की कक्षाओं में नवीन चार वर्ग खुलने से प्राथमिक शिक्षकों के कुछ नए पद केंद्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) द्वारा स्वीकृत जाने हैं :

Sl. No.	Post	Sanctioned Post	In-position	Clear Vacant Posts	REMARK
1	PRINCIPAL	1	1	0	
2	PGTs	9	7	2	2 Posts vacant for PGT(Phy) & PGT(Eco).
3	TGTs	7	4	3	3 Posts vacant for TGT(Eng), TGT(S.Sc.) & TGT(Skt)
4	LIBRARIAN	1	1	0	Librarian-01/01
5	PRT	7	4	3	PRTs-05/07
6	PRT (Music)	1	1	0	
7	SSA	1	0	1	Ministerial Staff- 01/08, 07 Vacancies

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

22	JSA	1	1	0	
23	SUB-STAFF	6	0	6	
TOTAL		34	19	15	

नवीन सत्र 2026-27 में अध्यापन एवं अन्य निर्धारित कार्य हेतु संविदा शिक्षकों, नर्स, योग कोच, नृत्य कोच, कंप्यूटर अनुदेशक, स्पेशल एजुकेटर आदि की नियुक्तियों हेतु दिनांक को साक्षात्कार आयोजित कर पैनल तैयार कर लिया गया है।

5. **निर्माणाधीन भवन की वर्तमान स्थिति:** के. वि. हटा नगर के निर्माणाधीन विद्यालय भवन का निर्माण एवं सुधार कार्य प्रगति पर है तथा NPCCL के अंचल प्रबंधक से फोन पर निर्माण कार्य की समीक्षा भी समय-समय पर की जाती है।

- अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर सतत निगरानी रखने को कहा गया।

6. **ढांचागत सुविधाओं के विकास में की गई नवीन खरीदी का विवरण:** विद्यालय में ढांचागत सुविधाओं के विकास को ध्यान में रखते हुये माननीय अध्यक्ष महोदय/ नामित अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन तथा केविसं क्षेत्रीय कार्यालय से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्ति के बाद GeM Portal के माध्यम से निम्न सामाग्री/ उपकरणों की खरीदी अप्रैल माह से अब तक की गई है:

स. क्र.	खरीदी गई सामग्री	संख्या	दर	कुल राशि	रिमार्क
1.	अलमारी	06	15,000/-	90,000/-	सूचनार्थ प्रस्तुत
2.	टीचर्स लाकर्स	02	19,560/-	39,120/-	सूचनार्थ प्रस्तुत
3.	सीसीटीव्ही कैमरा एंव अन्य सामग्री	18	7,154/-	1,28,762/-	सूचनार्थ प्रस्तुत
4.	ड्यूल डेस्क	80	5,957/-	4,76,560/-	GeM पोर्टल के माध्यम से क्रय आदेश जारी
5.	आई एफ पी (कक्षाओं के लिए)	05	1,68,000/-	8,40,000/-	
6.	कंप्यूटर	03	44,000/- (अनुमानित)	1,32,000/- (अनुमानित)	GeM पोर्टल के माध्यम से शीघ्र खरीदा जायेगा

7. **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय:**

- चहारदीवारी से लगकर पिक एंड ड्रॉप लेन का विकास प्रस्तावित है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

- ट्रैफिक नियंत्रण हेतु स्थायी बैरिकेट्स की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया है, ताकि विद्यालय के आसपास यातायात सुव्यवस्थित रहे और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

बैठक के अंत में श्री रितेश कुमार पटेल, प्राचार्य के. वि. हटा ने अध्यक्ष महोदय एवं सभी उपस्थित सदस्यों का बैठक में अपनी उपस्थिति देने के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

****

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यगण:

S. No.	NAME	MEMBERSHIP DETAILS	SIGNATURE
1.	DR. P. K. DHAKA (PRINCIPAL, SHRI R.S. HAZARI GOVT. DEGREE COLLEGE, HATTA)	EMINENT EDUCATIONIST	
2.	MR. A. K. SINGH (SENIOR LECTURER, DIET HATTA)	EMINENT EDUCATIONIST	
3.	MR. RAVI KUMAR SONI (ARI, NAGAR PALIKA, HATTA)	EMINENT PERSON IN THE FIELD OF CULTURE	
4.	MR. RAJENDRA KHARE (CMO, NAGAR PALIKA HATTA)	CO-OPTED MEMBER	
5.	DR. UMASHANKAR PATEL (BMO, HATTA)	RENOWED LOCAL DOCTOR	
6.	DR. MANOJ KUMAR AHIRWAR (SR. SCIENTIST & HEAD, AGRICULTURE SCIENCE CENTRE, DAMOH)	SC/ST REPRESENTATIVE	
7.	MR. MADHAV PATEL	PARENT MEMBER	
8.	MRS. CHETNA TIWARI	PARENT MEMBER	
9.	MR. NATHURAM KORI (POST MASTER, POST OFFICE HATTA)	CGEWC REPRESENTATIVE	
10.	MR. BHAGIRATH TANTUWAY (SUB. ENGINEER, RES, HATTA)	TECHNICAL MEMBER	
11.	MR. ANAND KUSMARIYA, LIBRARIAN	TEACHER MEMBER	
12.	MR. RITESH KUMAR PATEL PRINCIPAL, KV HATTA	SECRETARY, VMC	
SPECIAL GUEST			
13	MR. B. L. BIDOLIYA, BEO		
14.	MR. M. L. AHIRWAR, BRCC		

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

NOMINEE CHAIRPESON,
VIDYALAYA MANAGEMENT COMMITTEE

NOMINEE CHAIRMAN
केन्द्रीय विद्यालय हटा
K V HATTA